Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 19-03-2007

Participants : Prasad Shri Hari Kewal

an>

Title: Need to open more branches of Nationalized Banks in Salempur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री हरिकेवल प्रसाद (सलेमपुर) : मेरे संसदीय क्षेत्र सलेमपुर के लगभग सभी हिस्से पिछड़े हुए हैं और यहां के गरीब किसानों को वित्तीय सहायता नहीं मिल पा रही है, जिसके कारण लोग रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों में जाते हैं और कुछ लोग विदेशों में हैं। उनको अपने परिवार को पैसे भेजने में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मेरे संसदीय क्षेत्र का एक मेहरौना बाजार विकास खंड लार में है। यह क्षेत्र घाघरा और छोटी गंडक नदी के किनारे पर है, जहां के कई लोग विदेशों में है और यहां के किसान बहुत ही गरीब हैं। दूसरा क्षेत्र पडरी , जो विकास खंड बनकटा में है । इस क्षेत्र से पांच किलोमीटर की दूरी तक कोई भी बैंक नहीं है। तीसरा क्षेत्र वीरपुर मिश्र जो भलुअनी विकास खंड में हैं, इस क्षेत्र से छ: किलोमीटर की दूरी तक कोई बैंक नहीं हैं। इन क्षेत्रों में बैंकों के अभाव में किसानों को ि वत्तीय सहायता और सुविधा नहीं मिल पा रही है। बिना वित्तीय सहायता के किसानों को किस तरह से फायदा पहुंचेगा। केन्द्र सरकार की कृाि निवेश एवं अन्य लोन सुविधा का लाभ इन किसानों को नहीं मिल पायेगा।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेहरौना, पडरी बाजार एवं वीरपुर मिश्र में राट्रीयकृत बैंकों की छोटी-छोटी शाखाएं खोली जाएं जिससे किसानों को वित्तीय सुविधा मिल सके।